यूएई-भारत सीईपीए परिषद और आईआईएलएम विश्वविद्यालय ने गुरुग्राम में सीईपीए स्टार्ट-अप सीरीज रोड शो के माध्यम से स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की

गुरुग्राम, 21 जुलाई 2025: आईआईएलएम विश्वविद्यालय ने अपने आई-एफएलआईई हब इनक्यूबेशन सेंटर एंड एंटरप्रेन्योरशिप फाउंडेशन के माध्यम से यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) के साथ मिलकर यूएई-भारत सीईपीए स्टार्ट-अप सीरीज को बढ़ावा देने के लिए एक रोड शो कार्यक्रम आयोजित किया। स्टार्ट-अप सीरीज सीमा पार नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने वाली एक प्रमुख पहल है।

इस कार्यक्रम में यूआईसीसी और आईआईएलएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में स्थित आईआईएलएम एंटरप्रेन्योरशिप फाउंडेशन के आई-एफएलआईई हब इनक्यूबेशन सेंटर के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए और यह कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। यह समझौता यूएई-भारत स्टार्ट-अप सीरीज के माध्यम से अधिक क्षमता वाले स्टार्ट-अप की पहचान करने और उन्हें सहायता प्रदान करने के लिए एक सहयोगात्मक प्रयास को औपचारिक रूप देता है।

इस कार्यक्रम में आईआईएलएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. रवि कुमार जैन ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद आईआईएलएम विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति डॉ. पद्मकली बनर्जी ने उद्घाटन भाषण दिया। आईआईटी दिल्ली में एफआईटीटी के प्रबंध निदेशक डॉ. निखिल अग्रवाल ने एक विशेष संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने भारत और वैश्विक बाजारों के बीच नवाचारों को बढ़ावा देने में शैक्षणिक इकोसिस्टम की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए, यूआईसीसी के निदेशक श्री अहमद अलजनेबी ने कहा: "सीईपीए स्टार्ट-अप सीरीज़ का उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए समावेशी मार्ग प्रदान करना है। आईआईएलएम जैसे संस्थान, जो भारत के नवाचार और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं, हम उनके साथ साझेदारी कर रहे हैं। साथ ही हम उन प्रतिभाओं को अवसर प्रदान कर रहे हैं जो सीमाओं से परे विस्तार करने के लिए तैयार हैं।"

इस कार्यक्रम में यूएई-भारत स्टार्ट-अप सीरीज़ के आधिकारिक ट्रेलर को भी दिखाया गया। इस ट्रेलर में पहल के प्रमुख लाभों के बारे में बताया गया, जिसमें इनक्यूबेशन सहायता से लेकर यूएई के लाइसेंसिंग और बाज़ार में प्रवेश के मार्गों तक सुव्यवस्थि पहुंच शामिल है। ट्रेलर से उपस्थित लोगों को बहुत प्रभावित हुए और उत्साहित नजर आये।

कार्यक्रम का समापन यूआईसीसी के निदेशक श्री अहमद अलजनेबी के नेतृत्व में एक दिलचस्प प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने परिषद के विजन के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की और स्टार्ट-अप सीरीज़ के लिए आवेदन एवं चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। इस कार्यक्रम का समापन गुरुग्राम स्थित आईआईएलएम विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर के सीईओ प्रो. (डॉ.) सौरभ त्रिवेदी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

गुरुग्राम प्रदर्शनी, विभिन्न हितधारक इकोसिस्टम में भागीदारी करके संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच नवाचार संबंधों को निर्मित करने के लिए सीईपीए परिषद के निरंतर प्रयासों में एक और उपलब्धि है।

यूएई-भारत स्टार्ट-अप सीरीज के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 हैं।

आवेदन करें: https://start-upseries.cepacouncil.com

मीडिया से जुड़ी जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
info@cepacouncil.com

यूएई-भारत सीईपीए परिषद के बारे में

यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) यूएई-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के तहत व्यापार, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्थापित एक समर्पित द्विपक्षीय मंच है। यह साझे आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के व्यवसायों, सरकारों और संस्थानों के बीच रणनीतिक सहयोग की सुविधा प्रदान करती है।

यूएई-भारत सीईपीए परिषद को फॉलो करें:

- LinkedIn
- Instagram
- X (formerly Twitter)
- YouTube

आईआईएलएम विश्वविद्यालय के बारे में

हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आईआईएलएम विश्वविद्यालय, प्रबंधन शिक्षा और उद्यमिता विकास में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। अपने आई-एफएलआईई हब इनक्यूबेशन सेंटर एंड उद्यमिता फाउंडेशन के माध्यम से, विश्वविद्यालय स्टार्ट-अप को मजबूत सहायता तंत्र प्रदान करता

है, जो मेंटरशिप, पूंजी तक पहुंच और उद्योग मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह संस्थान वैश्विक रूप से मानकों पर खरे उतरने वाली उद्यमशील प्रतिभाओं को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**